फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत — उपखण्ड अधिकारी मुकाम —जहाजपुर (भीलवाडा)

महावीर पिता नारायण जाट नि. बावडी वगैराह

बनाम

रामेश्वर पिता हाथीराम जाट नि. बावडी वगैरा

किस्म मुकदमा प्रा0 पत्र 111, 128 एल. आर. ए. मुकदमा नं. 872/2021

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुये
09.11.21	प्रार्थना पत्र प्रशासन गॉवों के संग अभियान में पेश हुआ। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते की भूमि ग्राम बावडी प. ह. बावडी तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 322 रकबा 6.08 बीघा, आ.न. 323 रकबा 11.18 बीघा स्थित है। उक्त वर्णित कृषि आराजी के पडौसी अप्रार्थीगण है। जो कि प्रार्थी के साथ सीमा को लेकर आये दिन विवाद करते रहते है। उक्त आराजी के पडौसी होकर अपनी आराजी का सही सीमा ज्ञान नही होने के कारण आये दिन फसल बुआई कटाई के समय अनावश्यक विवाद होता रहता है। अतः पत्थरगढी के आदेश प्रदान किये जावे। प्रार्थना पत्र की ताईद में प्रार्थी का शपथ पत्र संलग्न है। मैने पत्रावली का अवलोकन कियां सुयोग्य अभिभाषक/प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली के साथ संलगन नकल जमाबन्दी सम्वत 2071 से 2074 तक के अवलोकन से पत्थरगढी किये जाने वाली भूमि प्रार्थी के स्वामित्व की हैं। पडोसियान के विवाद करने बाबत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः प्रार्थना पत्र 111/128 रा.ले. रे. एक्ट स्वीकार किया जाता है तथा भूमि ग्राम बावडी प. ह. बावडी तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 322 रकबा 6.08 बीघा, आ.न. 323 रकबा 11.18 बीघा की बसामलात पडोसियान के पत्थरगढी करने हेतु भू अभिलेख निरीक्षक बावडी को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस 1000— रू. तय किये जाते है। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रू. राजकोष में जमा करावे। पालना हेतु तहसीलदार जहाजपुर को लिखा जावे। पालना रिपोर्ट शिघ्र प्रस्तुत करे। आदेश आज दिनांक 09.11.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। [signature] उपखण्ड अधिकारी, जहाजपुर(भीलवाडा)	

Scanned with CamScanner